## खबर संक्षेप

### विकसित भारत संकल्प यात्रा में लोगों को विभिन्न योजनाओं का मिल रहा लाभ



**शहडोल।** विकसित भारत संकल्प यात्रा जनपद पंचायत ब्यौहारी के ग्राम महदेवा में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती प्रभा मिश्रा, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व नरेन्द्र सिंह धुर्वे सहित अन्य जनप्रतिनिधियों की अगुवाई में निकाली गई। विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान महदेवा में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिया गया। शिविर में आए लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं योजनाओं के लाभाार्थियों ने अपने अनुभव साझा किये। शिविर में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व नरेन्द्र सिंह ने कहा कि शासन द्वारा विभिन्न हितग्राही मूलक योजनाओ का संचालन किया जा रहा है। इसके साथ ही यहाँ पर विभाग वार स्टॉल लगाए गए है, ग्रामीण जन योजना का लाभ पाने के लिए आवेदन कर सकते हैं। उन्होने कहा कि यात्रा का उद्देश्य भी ग्रामीण जनो को योजनाओ का लाभ पहुचाना है। साथ ही ग्राम पंचायत महदेवा में प्रचार रथ द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का उदबोधन, योजनाओं की जानकारी एवं योजनाओं से संबंधित चलचित्र प्रदर्शित किये गए।

### निकाली गई विकसित भारत संकल्प यात्रा



**शहडोल।** जिले के जनपद पंचायत जयसिंहनगर के ग्राम पंचायत पोंडीकला में विकसित भारत संकल्प यात्रा निकाली गई। जिसमें जनप्रनिधियों द्वारा लोगों को केंद्र सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में अवगत कराया गया एवं योजनाओं के लाभार्थियों को हितलाभ का वितरण भी किया गया। साथ ही लोगों को विकसित भारत की शपथ भी दिलाई गई।

### अवैध शराब के 3 प्रकरण कायम



**उमरिया।** कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य के निर्देशन में आबकारी विभाग जिला उमरिया सहायक आबकारी आयुक्त श्रीमती कीर्ति दुबे के मार्गदर्शन में जिला उमरिया में अवैध मदिरा के विक्रय, संग्रह व परिवहन पर रोक के लिए कार्यवाही की गई। वृत प्रभारी मानपुर द्वारा रामगोपाल जायसवाल, बगैहा के कब्जे से 30 किलो महुआ लाहन जब्त कर मौके पर नष्ट किया, लालजी वर्मन, बकेली के कब्जे से 10 लीटर हाथ भट्टी शराब जब्त की गई एवं मदिरा पान करते पाया गया । राजेश जयसवाल, दमोय के कब्जे से 20 लीटर हाथ भट्टी शराब जब्त किया गया। कार्यवाही दौरान आरोपी के विरुद्ध म.प्र. आबकरी अधिनियम 1915 की धारा 34(1) व 36(ए) के तहत कार्यवाही कर कुल 30 किलो महुआ लाहन, 30 लीटर हाथ भट्टी शराब जब्त कर 03 न्यायलीन प्रकरण पंजीबद्ध किया । कार्यवाही आबकारी उपनिरीक्षक पिंकी हिंदुजा के नेतृत्व में की गई। साथ ही आबकारी आरक्षक इंद्रभान सिंह, रितिका साहू व विद्या सिंह कार्यवाही में सम्मिलित रहे।

### धान खरीदी केंद्र एवं उचित मूल्य दुकान का निरीक्षण

**उमरिया।** कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य, सीईओ जिला पंचायत इला तिवारी ने संयुक्त रूप से धान खरीदी केंद्र पडख़ुरी एवं सेवा सहकारी समिति मर्यादित भरेवा का निरीक्षण किया । धान खरीदी के निरीक्षण के दौरान बताया गया कि 10 हजार क्विटल धान खरीदी कि जानी है, जिसमें से 78 किसानों से 2744 क्विटल धान की खरीदी की जा चुकी है ।

# श्रद्धालुओं की आस्था का सौदा करने उतारू कर्मचारी-पुजारी

## कुनबा समेत वसूली में लिप्त है नगर परिषद का बाबू

### सोशल मीडिया में पूजा के नाम पर वसूली के वीडियो वॉयरल

मां नर्मदा की पवित्र तीर्थ स्थली अमरकंटक धीरे धीरे श्रद्धालुओं के शोषण का केन्द्र बनता जा रहा है। यहां चढ़ावे के नाम पर जनता की आस्था का सौदा करने वाले कोई माफिया के लोग नहीं हैं बल्कि मंदिर की सेवा से जुड़े पंडित पुजारी व ट्रस्ट के लोग हैं। हैरानी की बात तो यह है कि रखरखाव का जिम्मा लेने वाली अमरकंटक नगर परिषद एहतियात बरतने की बजाय खुद भी गड़बड़ी में हाथ बंटा रही है।

शहडोल।









मां नर्मदा की पवित्र उज्वल धार में स्नान करने और मंदिरों के दर्शन करने दूर दूर से श्रद्धालु यहां आते हैं। जिनका सहयोग करने की बजाय उन्हे चढ़ावा प्रसाद आदि के नाम पर उल्टे छुरे से मूडऩे का प्रयास किया जाता है। माई की बगिया पवित्र धाम में अक्सर ऐसी स्थिति बनी रहती है। खास बात यह है कि इस स्थल की देख रेख की जिम्मेदारी नगर परिषद अमरकंटक ने ले रखा है। माई की बगिया परिसर की जिम्मेदारी जिस कर्मचारी को परिषद ने सौंपी है, उस पर खुद व उसके पुत्रों पर भक्तों से अभद्रता और अवैध वसूली के आरोप लगे हैं। बीते दिवस यहां पहुंचे भक्तों के एक जत्थे से हुआ विवाद और उनसे पूजा के नाम पर नगदी बटोरने का वीडियो भी सोशल मीडिया में वायरल हुआ है।

### चढ़ावे के नाम पर ऐंठ रहे

अमरकंटक नर्मदा मंदिर ट्रस्ट के अंतर्गत स्थित माई की बगिया में नगर परिषद अमरकंटक में पदस्थ वर्ग-3 के कर्मचारी गणेश पाठक को यहां की जिम्मेदारी सौंपी गई है। गणेश पाठक परिषद की फाईलों को निपटाने के साथ ही यहां पुजारी की भूमिका में भी रहते हैं। प्रतिदिन माई की बगिया में सैकड़ों भक्त पहुंच रहे हैं। खासकर नर्मदा परिक्रमा करने वाले भक्तों का जत्था नवम्बर-दिसम्बर माह से शुरू होने लगता है, मंगलवार को मंदिर परिसर में भक्तों का जत्था पहुंचा, जिनसे चढ़ावे के नाम पर गणेश पाठक का विवाद हुआ। सोशल मीडिया में वॉयरल वीडियो में भक्तों की टोली के प्रमुख ने गणेश पाठक पर अवैध वसूली के साथ ही अभद्रता के आरोप लगाये और मंदिर प्रबंधन के साथ ही कलेक्टर अनूपपुर से इस मामले में कार्यवाही करने की मांग भी की है।

### अवैध वसूली में लिप्त है कुनबा

गणेश पाठक नगर परिषद में वर्ग-3 के कर्मचारी है, इनका कुनबा जैसे पुत्र भी इनका वसूली में सहयोग कर रहे हैं। श्री पाठक का कुछ समय परिषद की फाईलों में तो बाकी समय माई की बगिया में ही बीतता है। बीते दिन हुए विवाद और वॉयरल वीडियो पर नजर डाले तो, गणेश के पुत्र यहां पहुंचे भक्तों से चढ़ावे की राशि खुद अपने हाथ में लेते नजर आ रहे हैं। स्थानीय जनों की माने तो गणेश पाठक के साथ उनके पुत्र ऋषि पाठक, अन्नू पाठक व अंकित पाठक अर्से से मंदिर परिसर में इसी तरह का माहौल बनाए हुए हैं। वॉयरल वीडियो भी इस बात की पुष्टि करता है कि गणेश पाठक के पुत्र किसी न किसी का संरक्षण मिलने के बाद ही इस तरह की वसूली, वह भी खुलेआम कर रहे हैं।

### श्रद्धालुओं का अंतस हो रहा आहत

मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ ही नहीं बल्कि देश के तमाम प्रांतों से नर्मदा, सोन व जोहिला के उद्गम स्थल पर भक्त सैकड़ों की संख्या में पवित्र नगरी अमरकंटक पहुंचते हैं, नर्मदा मंदिर के साथ ही अन्य कई आश्रम और जैन तथा सिख समाज के मंदिर यहां स्थित हैं, देश की एक बड़ी आबादी की आस्था मां नर्मदा से जुड़ी हुई है। जिसमें धनाड्यों से लेकर गरीब तक यहां पहुंचते हैं, आस्था के नाम पर भक्तों की जेब खुलेआम काटी जा रही है। जिन लोगों को नगर परिषद ने यहां की व्यवस्था बनाने का जिम्मा सौंपा है, खुद उन्हीं के द्वारा आस्था के नाम पर भक्तों से अभद्रता और अवैध वसूली कहीं न कहीं हिन्दुओं के धार्मिक आस्था के साथ बड़ा कुठाराघात है।

### इनका कहना है

हमने कई बार सुना है कि माई की बगिया में भक्तों को परेशान किया जाता है व वहां पहुंचने वाले पर्यटक अनायास ही लुट जाते है। ट्रस्ट की देख-रेख प्रशासन के पास होता है। उन्हे देखना चाहिए कि नर्मदा परिक्रमा वासियों को किसी भी प्रकार की परेशानी नही होनी चाहिए। हम तो विपक्ष में है न तो हमे बैठक में बुलाया जाता है और न ही किसी भी तरह की जानकारी उपलब्ध कराया जाता है। बीते वर्ष अमरकंटक में 50 करोड की प्रसाद योजना पहुंची थी, जिसका लाभ तो नही दिखा, लेकिन योजना प्रसाद की तरह बांट दी गयी। मेरा अनुरोध है कि कलेक्टर प्रमुखता से संज्ञान में लें, जिससे पर्यटकों को असुविधा नहीं हो।

**फुंदेलाल सिंह मार्को**
**विधायक, पुष्पराजगढ़**



# कलाकृति क्लब का कुलपति ने किया उद्घाटन

शहडोल।

विश्वविद्यालय में कलाकृति क्लब का उद्घाटन समारोह और प्रदर्शनी नवलपुर कैंपस के सभागार में संपन्न हुआ। मुख्यअतिथि कुलपति, कुलसचिव सभी क्लब्स की संयोजक प्रोफ. मनीषा तिवारी एवं सह संयोजक प्रोफेसर गीता सराफ, कलाकृति क्लब की सयोजक प्रोफ. नीलिमा खरे एवं सह संयोजक डॉ. वंदना राम, डॉ. प्रज्ञा यादव, डॉ. रचना दुबे के साथ सभी प्राध्यापक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में कलाकृति का क्लब डॉ. वंदना राम द्वारा बनाया गया लोगो एवं बैनर का डिजिटल अनावरण कुलपति द्वारा किया गया। कुलपति ने विद्यार्थियों को क्लब सिस्टम के बारे मे बताया और अपने अनुभव साझा करते हुआ उन्हें प्रेरित किया कि वे अपनी कला को प्रदर्शित करे। कुलसचिव ने क्लब सिस्टम के फायदों के बारे मे बताया सभी क्लब्स की संयोजक प्रोफ. मनीषा तिवारी ने विद्यार्थियों को सभी क्लब्स से अवगत कराया और सम्मिलित होने के लिए प्रोत्साहित किया। कलाकृति क्लब की सयोजक प्रोफ. नीलिमा खरे ने कलाकृति क्लब के अंतर्गत की जाने वाली गतिविधियों एवं विधाओ के बारे मे विद्यार्थियों को जानकारी दी। विश्वविद्यालय के नवलपुर कैंपस के न्यू अकादमिक बिल्डिंग मे विद्यार्थियों द्वारा बनाये गए क्राफ्ट एवं आर्ट की प्रदर्शनी भी लगाई गई, जिसके अंतर्गत रंगोली, मेहंदी, कपडे, आभूषण,बैग,सजावटी सामान, मंडला, ट्राइबल आर्ट इत्यादी विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में प्रो. तारामणि श्रीवास्तव, प्रो. नीलमणि दुबे, प्रो. संगीता मसी, प्रोफ. सुनीता बाथरे, डॉ. एच. एल. मरावी, डॉ. पी. डी. रावत डॉ. रूचि सिंह,डॉ. ज्योति सिंह, डॉ. योगिता बसेने, डॉ. मौसमी कर, डॉ. ब्रिजेन्द्र पाण्डेय, अतिथि विद्वान एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे, कार्यक्रम का संयोजन डॉ. वंदना राम ने किया।

# खेल मैदानों की सुविधा बिना हतोत्साहित हो रहे खिलाड़ी बच्चे

## ग्राम पंचायतों को बजट मिला फिर भी नहीं बने मैदान

**शहडोल।**



ग्रामीण अंचलों की खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने तथा उन्हे खेल अभ्यास की सुविधा देने के लिए लगभग एक दशक पूर्व शासन ने प्रत्येक ग्रामपंचायत को खेल मैदान विकसित करने के निर्देश दिए थे तथा बजट भी आवंटित किया था। लेकिन अधिकांश पंचायतों में आज भी खेल मैदान नहीं हैं जबकि बजट का अता पता नहीं है। शासन के संवेदनशील होने और भारी धन राशि प्रदान करने के बावजूद खिलाड़ी बच्चों को मैदानों की सुविधा नहीं मिल सकी। बताते हैं कि सरपंच व सचिव ने इस धन राशि को आहरित कर दूसरें मदों में व्यय कर दिया। एक पूर्व सरपंच ने बताया कि वह राशि वापस हो गई थी। ग्रामपचांयतों की भर्रेशाही का बच्चे भी खामियाजा भुगत रहे हैं।

### मैदान के लिए स्थल नहीं मिला

बताया गया कि जब शासन के निर्देश प्राप्त हुए थे तब सचिवों ने मैदान के लिए स्थलों की तलाश शुरू कर दी थी। लेकिन तलाश करने के बाद उन्होने सरपंच के साथ मिलकर चुप्पी साध ली। बच्चों के हित का मामला होने के कारण न तो शासन के निर्देश का कोई प्रचार प्रसार किया गया और न किसी को भनक लगी। कुछ दिन बाद मामला ठण्डे बस्ते में चला गया। आज भी अधिकांश पंचायतों में मैदान नहीं है। पंचायतों का कार्यकाल परिवर्तित होता चला गया ओर मैदानों का मामला भी लोग भूलते चले गए।

### जहां मैदान बने, इस तरह से बने

जिन पंचायतों में मैदान बने वहां ऊबड़ खाबड़ सरकारी जमीन का थोड़ा बहुत समतलीकरण करा मैदान घोषित कर दिया गया। मैदान की साफ सफाई के बाद समुचित रूप से समतलीकरण कराना उनमें बाउण्ड्रीवाल बनाना यह कार्य नही किया गया। बाद में भी मैदानों का रखरखाव नहीं कराया गया। बच्चे कुछ दिन तक तो इन्ही मैदानों में खेलते रहे जब जमीन फिर से ऊबड़ खाबड़ हो गई तो उसमें खेलना बंद कर दिया। अब पंचायतों का कहना है कि मैदान के रखरखाव के लिए जब बजट आएगा तब रखरखाव किया जाएगा। मनरेगा मद से अन्य कार्य कराए जा रहे हैं।

### स्कूलों में भी नहीं मैदान

अधिकांश स्कूलों में भी मैदान नहीं हैं कि जहां बच्चे खेलकूद कर अपना स्वस्थ मनोरंजन कर सकें। उन्हे न तो स्कूल में खेलने की पर्याप्त सुविधा मिलपाती है और न गांव में ही कहीं मैदान हैं। वे अपने खेलों का अभ्यास कर पाने में असमर्थ हैं। हालत यह है कि ग्रामीण अंचलों के बच्चे पड़ती जमीनों में खेलों का थोड़ा बहुत अभ्यास कर लेते हैं अन्यथा उनका अधिकांश समय घर में ही बीत जाता है। वे खेलों के लिए खुले परिवेश के लिए सिसकते रहते हैं।

### आउटडोर खेलों के लिए चाहिए मैदान

क्रिकेट, हॉकी, फुटबॉल जैसे आउटडोर खेलों के लिए लम्बे चौड़े मैदान की बहुत आवश्यकता रहती है। मैदान बिना यह खेल संभव नहीं रहते हैं। ज्ञातव्य है कि हर साल खेल स्पर्धाओं के लिए शासन द्वारा खेल कलेण्डर जारी होते हैं जिनमें करीब 36 प्रकार के खेल शामिल होते हैं। इन तीन दर्जन खेलों में से एक भी खेल ऐसा नहीं है जिसका नियमित अभ्यास कराया जाता हो। स्कूलों में न मैदान है न खेल प्रशिक्षक , खेलों की किट भी नहीं दी जाती है। कहां से अभ्यास होगा और कौन खेलेगा? अहम सवाल यही हैं।

# बैंड बाजे के साथ किया विकसित भारत संकल्प यात्रा का स्वागत



शहडोल।

जिले के जनपद पंचायत गोहपारू के ग्राम मोहतरा में विकसित भारत संकल्प यात्रा पहुंचने पर स्थानीय लोगों द्वारा बैंड बाजे के साथ स्वागत किया गया। साथ ही मोहतरा में आयोजित शिविर के दौरान विभागीय अधिकारियों द्वारा योजनाओं की विस्तृत जानकारी लोगों को दी गई। साथ ही लाभार्थियों के व्यक्तिगत कहानियों एवं अनुभव साझा करने के माध्यम से सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी एकत्रित की जा रही है। यात्रा के दौरान प्राप्त आवेदनों के आधार पर संभावित लाभार्थियों का नामांकन व चयन भी किया जा रहा है।विकसित भारत संकल्प यात्रा जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में आयोजित की जा रही है। प्रचार प्रसार हेतु वीडियो वैन में आडियो, वीडियो, ब्रोसर आदि सामग्री उपलब्ध है। यात्रा के दौरान विभागीय स्टालों में योजनाओं की जानकारी देने व हितलाभ के लिए आवेदन प्राप्त किये जा रहे है। शिविरों में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच तथा दवा वितरण की भी व्यवस्था करायी गयी है।

यात्रा के दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में आयोजित अभियान मे आयुष्मान भारत, पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, दीन दयाल अन्त्योदय योजना राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, पीएम आवास योजना, पीएम उज्जवला योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम किसान सम्मान निधि, किसान क्रेडिट कार्ड योजना, पीएम पोषण योजना, हर घर जल, जल जीवन मिशन, जनधन योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, पीएम प्रणाम योजना, नैनो उर्वरक का उपयोग,स्वाइल हैल्थ कार्ड उन्नत कृषि यंत्र वितरण आदि को शामिल किया गया है ।

इसी तरह शहरी क्षेत्रों में आयोजित अभियान में पीएम स्वनिधि योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम उज्ज्वला योजना, पीएम मुद्रा लोन योजना, स्टार्टअप इंडिया, स्टैंडअप इंडिया, आयुष्मान भारत, पीएम आवास योजना (शहरी), स्वच्छ भारत अभियान (शहरी), उज्वला योजना, अमृत योजना, पीएम जन औषधि परियोजना, सौभाग्य योजना, डिजिटल भुगतान अधौसंरचना आदि का यात्रा के दौरान लाभ हितग्राहियों को दिया जा रहा है।

# लोगों को सहजता के साथ उपलब्ध हो राशन: सीईओ




शहडोल।

कलेक्टर कार्यालय के विराट सभागार में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन की उपस्थित में समय-सीमा की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री राजेश जैन ने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को निर्देश दिए कि जिले के उचित मूल्य दुकानों से लोगों का खाद्यान्न मुहैया हो इसके लिए सतत भ्रमण करें। उन्होंने कहा कि सभी उचित मूल्य की दुकानें समय पर खुले यह सुनिश्चित किया जाए तथा किसी भी प्रकार की खाद्यान्न वितरण में परेशानी न हो लोगो को सहजता के साथ राशन मुहैया कराया जाए। उन्होंने पीएचई विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि नल जल योजना के तहत किये गए कार्य के कारण खराब हुई सडक़ों को मम्मरत भी करवाना भी सुनिश्चित करें।

बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन ने सीएम हेल्पलाइन के लंबित प्रकरणों की समीक्षा विभागवार की। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि सीएम हेल्पलाइन के लंबित प्रकरणों का निराकरण प्राथमिकता के साथ किया जाए तथा कोई प्रकरण लंबित न रहें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि लंबित प्रकरणों के निराकरण हेतु जिला स्तर के अधिकारी शिकायतकर्ता से स्वयं बात कर लंबित प्रकरण को संतुष्टिपूर्वक बंद कराना सुनि,चित करें। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन ने विभागीय अधिकारियो को निर्देश दिए कि केंद्र एवं राज्य शासन द्वारा संचालित सभी योजनाओं का लाभ हर पात्र हितग्राहियों को मिले यह सुनिश्चित किया जाए कोई भी व्यक्ति योजनाओं से वंचित न रहें। उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा में की गई गतिविधियों को पोर्टल पर भी अपलोड़ किया जाए।

बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आरएस पाण्डेय, जिला आपूर्ति नियंत्रक विपिन पटेल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थें।

## खबर संक्षेप

### धूपखड़ा के विकास एवं समस्याओं के निराकरण के संबंध में बैठक आज

**उमरिया।** विकसित भारत संकल्प यात्रा 2023 अंतर्गत ग्राम धूपखडा के समुचित विकास एवं समस्याओं के निराकरण तथा शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं से वंचित हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए कार्ययोजना तैयार करने हेतु उक्त ग्राम में सभी योजनाओं के मैदानी अमले यथा बीएलओ, पटवारी, राजस्व निरीक्षक, सचिव, ग्राम रोजगार सहायक, एनआरएलएम. वाटरशेड उपयंत्री, जनअभियान परिषद, स्वास्थ्य विभाग. ( आयुष्मान भारत निरामय योजना), पशु चिकित्सा, उद्यानिकी, शिक्षा विभाग, कृषि विभाग, मत्स्य, वन विभाग, स्व-सहायता समूह, उपयंत्री मनरेगा, महिला बाल विकास, व एसईसीएल के मैदानी स्तर के अधिकारियों एवं कर्मचारियों से चर्चा हेतु आज 19 दिसंबर 2023 को समय प्रातः 11.30 बजे कलेक्टर सभागार उमरिया में बैठक आयोजित की गई है। उक्त बैठक में निर्धारित समय में अनिवार्य रूप से मैदानी अमले सहित उपस्थित होने का कष्ट करें।

### शॉपिंग कॉम्प्लेक्स का भूमिपूजन के साथ नाली निर्माण का हुआ लोकार्पण



**उमरिया।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तीसरे दिन मानपुर जनपद पंचायत पडख़ुरी में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य, सीईओ जिला पंचायत इला तिवारी, उपाध्यक्ष जिला पंचायत अन्नू सिंह, मानपुर जनपद पंचायत अध्यक्ष ममता सिंह, एसडीएम मानपुर कमलेश पुरी, सीईओ जनपद पंचायत मानपुर राजेन्द्र त्रिपाठी, जनपद सदस्य मौजी लाल चौधरी द्वारा 1500 लाख रुपये की लागत के शॉपिंग कॉम्प्लेक्स का भूमि पूजन किया गया। इसी तरह 6.10 लाख रुपये की लागत का लीला बाई के घर से यादव मोहल्ला तक नाली निर्माण, 10. 69 लाख रुपये की लागत का माखन प्रजापति के घर तक नाली निर्माण का लोकर्पण किया गया।






मानपुर जनपद पंचायत के ग्राम में आयोजित किये गये विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर

# शासन की योजनाओं का लाभ लेने पात्र आगे आयें: कलेक्टर

**उमरिया।** जिले मे विकसित भारत संकल्पय यात्रा का आयोजन निरंतर जारी है। कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य एवं सीईओ जिला पंचायत इला तिवारी की उपस्थिती में मानपुर जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत पडखुरी मे आज यात्रा का आयोजन किया गया तथा शिविर लगाकर आमजन को शासन की कल्योणकारी योजनाओ की जानकारी देने के साथ ही पात्र हितग्राहियो को विभिन्नं योजनाओ से लाभान्वित भी किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ देश के प्रधानमंत्री जी के संदेश को मुख्य अतिथि सहित ग्रामीणों ने देखा एवं सुना। संदेश में उज्वला योजना, पेंशन योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, जल जीवन मिशन के तहत हर घर नल से जल मिलने का संदेश दिया गया।



### एक दिन पहले ग्राम का निरीक्षण कर ले

कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यरम से शत प्रतिशत पात्रा हितग्राहियो को विभिन्न योजनाओं का लाभ दिया जाना है। ग्रामीणों को इन योजनाओ का लाभ मिले, कोई भी पात्र व्यक्ति योजना के लाभ से वंचित न रहे। कलेक्टर ने जन सामान्यि को आव्हागन करते हुये कहा कि शिविर के माध्यम से सभी वर्ग के लोग जुड़े और योजनाओ का लाभ लें। आपने सभी अधिकारियों से कहा कि आवेदनों को विधिवत संधारित करें तथा जिन्हें मौके पर लाभ दिया जा सकता है उन्हें लाभान्वित करें। कलेक्टर ने किसानो से कहा कि शासन द्वारा निर्धारित दर पर धान का उपार्जन किया जा रहा है। उन्होंने अधिकारियो को निर्देश दिये कि धान खरीदी में किसान को किसी भी प्रकार की दिक्कत नही हो, इसका अधिकारी ध्यान रखे। केंद्र में समस्त सुविधायें मुहैया रहे, इसका ध्यान रखे। उन्होने कहा कि यात्रा के माध्यम से नई कृषि तकनीको की जानकारी भी किसानो को दी जा रही है। ड्रोन का उपयोग करके सिंचाई की सुविधा, कीटनाशक का छिडक़ाव तथा उवर्रक का छिडक़ाव कम लागत और कम समय में किया जा सकता है। इस अवसर पर ड्रोन के उपयोग का प्रदर्शन भी आम जनता के समक्ष किया गया। कलेक्टर ने निर्देश दिये कि खंड स्तरीय अधिकारी एक दिन पहले ग्राम का निरीक्षण कर ले, लोगो के आवेदन ले लें। जिले को नम्बर 1 में लाने के लिए सभी जन सहयोग करे।

### बच्चे देश का भविष्य

सीईओ जिला पंचायत इला तिवारी ने कहा की विकसित भारत संकल्पि यात्रा का उद्धेश्य भारत मे विकास कि लहर लाना है। योजनाओं से लाभ पहुंचना यात्रा का उद्धेश्य है। रथो के माध्यम से योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। शासन कि योजनाओं से ग्रामीण जनो को अवगत कराने के साथ ही, विभागीय स्टालो के माध्यम से योजना के संबंध में जानकारी प्राप्त की जा सकती है, यदि योजना का लाभ नही मिला है तो, संबंधित स्टाल में अपना आवेदन विभाग को दें, जिससे आपकी समस्या का निराकरण किया जा सके। श्रीमती तिवारी ने निर्देश दिये कि सभी पात्र हितग्राहियों को जन कल्याण योजनाओं कि जानकारी दी जाए। उन्होंने कहा कि बच्चे देश का भविष्य है । बच्चे मन लगाकर पढ़े एवं उच्ची पदों पर पहुँच कर ग्राम, जिला, प्रदेश का नाम रोशन करें ।

### सरकार ने किया योजना का संचालन

जनपद अध्यक्ष ममता सिंह ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्धेश्य है कि हर ग्रामीण जन को शासकीय योजनाओं का लाभ मिले और वह योजनाओं का लाभ लेकर अपने जीवन स्तर को ऊंचा उठाये। हर वर्ग के कल्याण के लिए सरकार ने योजना का संचालन किया है, जरूरत है आगे बढ़ कर उसका लाभ लेने की। जिला पंचायत उपाध्यक्ष अन्नू सिंह ने कहा कि आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के स्टाल लगाए गए हैं, उसका लाभ ग्रामीण जन उठाये। अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति को पहली पंक्ति में लाना इस यात्रा को उद्धेश्य है।

### हितग्राहियों को किया लाभान्वित

कार्यक्रम में उपाध्यक्ष जिला पंचायत अन्नू सिंह, मानपुर जनपद पंचायत अध्यक्ष ममता सिंह, एस डी एम मानपुर कमलेश पुरी , सी ई ओ जनपद पंचायत मानपुर राजेन्द्र त्रिपाठी, जनपद सदस्य, मौजी लाल चौधरी जिला शिक्षा अधिकारी, जिला समन्वयक ग्रामीण आजीविका मिशन, जिला समन्वयक एन आर एल एम, संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं, आयुष अधिकारी, सहायक संचालक मत्स्य विभाग, उप संचालक कृषि विभाग, कार्य पालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय, जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक रवि शुक्ला, सहित अन्य विभागों के जिला प्रमुख अधिकारी के साथ खंड स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। इसी तरह ग्राम पंचायत धनवाही में भी विकसित भारत संकल्पि यात्रा शिविर का आयोजन कर ग्रामीणो की समस्यााओ का निदान, शासकीय योजनाओ की जानकारी देने के साथ ही विभिन्न योजनाओ से पात्र हितग्राहियो को लाभान्वित किया गया।

## योजनाओं की जानकारी देने लगाये गये स्टाल



**उमरिया।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा अपनी विभाग से संबंधित योजनाओं के स्टॉल लगाए गए थे । इस दौरान कृषि विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग, आयुष विभाग, पशु पालन विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय, मत्स्य विभाग, जिला सहकारी केंद्रीय, बैंक, जन जातीय कार्य विभाग आदि विभाग द्वारा स्टाल लगाए गए एवं विभागीय योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी एवं योजनाओं का लाभ उठाने की बात भी अधिकारी द्वारा कही गई । कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी, जिला समन्वयक ग्रामीण आजीविका मिशन, जिला समन्वयक एन आर एल एम, संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं, आयुष अधिकारी, सहायक संचालक मत्स्य विभाग, उप संचालक कृषि विभाग, कार्य पालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय , सहित अन्य विभागों के जिला प्रमुख अधिकारी के साथ खंड स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## उत्कृष्ट कार्य करने वाले पैरा लीगल वॉलिंटियर्स को मिला सम्मान



**उमरिया।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, उमरिया मध्य प्रदेश के नालसा/ सालसा के तहत बाल संरक्षण अभियान के अंतर्गत पैरा लीगल वालंटियर के द्वारा जिले के विभिन्न विद्यालय महाविद्यालय में विद्यार्थियों के बीच में बाल संरक्षण विषय मे जागरूकता अभियान आयोजित कर विद्यार्थियों और लोगों को जागरूक करने के संबंध में जिला न्यायाधीश/ जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उमरिया सचिव संगीता पटेल के द्वारा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। न्यायाधीश संगीता पटेल ने बताया कि विधिक सेवा सप्ताह व बाल संरक्षण के दौरान विधिक जागरूकता दलों द्वारा जिले में गांव-गांव, ढाणी-ढाणी एवं मोहल्लों में द्वार-द्वार जाकर आमजन को विधिक सेवा कार्यक्रमों एवं लोक कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई। इस सप्ताह के दौरान विधिक जागरूकता शिविरों का भी आयोजन किया गया।राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित योजनाओं में कार्य करने वाले उत्कृष्ट पेरा लीगल वोलेंटियर को प्रशस्ति प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस दौरान पैरा लीगल वालंटियर हिमांशु तिवारी,खुशी सेन,शिखा बर्मन, ऋषभ त्रिपाठी ,आशीष उपस्थित रहे।

# कलेक्टर के निर्देश के बाद भी आवारा मवेशियों पर नपा नहीं लगा रही लगाम



**कोतमा।** नगर पालिका की उदासीनता के कारण आवारा मवेशियों का सड़कों पर विचरण करना एवं बीच सड़क पर झुंड बनाकर बैठे रहना लोगों के लिए खतरे से कम नहीं है। कलेक्टर का आदेश भी नगर पालिका क्षेत्र में बेअसर साबित हो रहा है नगर पालिका प्रशासन के द्वारा खुलेआम कलेक्टर के आदेश की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। मानो ऐसा लग रहा है कि कलेक्टर का आदेश कोतमा नगर पालिका के लिए नहीं किया गया है। नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत काफी समय से आवारा मवेशियों के नगर एवं मुख्य मार्गों में घूमने एवं झुंड बनाकर खड़ा होने के कारण आम नागरिकों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। कई बार आवारा मवेशियों के कारण दुर्घटनाएं भी घटित हो चुकी हैं। यहां तक की कई लोग काल के गाल में समा चुके हैं। कई बार आवारा मवेशियों के नगर तथा मुख्य मार्गों में घूमने का समाचार भी प्रकाशित किया जा चुका है, लेकिन पशु मालिक इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं।

### अक्सर निर्मित होता अफरा-तफरी का माहौल

नगर पालिका प्रशासन के द्वारा मुनादी करवाकर आवारा मवेशियों को पकड़कर कांजी हाउस में भी बंद करने की बात भी कर चुकी है। बावजूद इसके आवारा



मवेशियों का नगर की गलियों एवं चौराहों तथा मुख्य मार्गों में घूमना बंद नहीं हुआ। नगर के स्टेशन चौक, गांधी चौक, सब्जी मंडी, आजाद चौक, मुखर्जी चौक, केशवाही तिराहा, बस स्टैंड, बनिया टोला, विकास नगर, कदम टोला, तहसील परिसर में आवारा पशु झुंड बनाकर पूरे रास्ते में बैठे रहते हैं। साथ ही आपस में सांड लड़ाई भी करते हैं जिसके कारण अफरा तफरी का माहौल आमजन में बन जाने के कारण कई बार यह आवारा जानवर आम लोगों को भी चोटिल कर चुके हैं।

### कलेक्टर अनूपपुर ने दिए थे निर्देश

मुख्यमंत्री गौ सेवा योजना के तहत लगभग

**क्षेत्रवासियों ने भी की थी मांग, परंतु कार्यवाही एक भी नहीं**

लगभग गौशाला बनकर तैयार हो चुकी हैं। जिस पर कलेक्टर द्वारा संज्ञान में लेते हुए सभी नगर पालिका सीएमओ को निर्देश दिए गये थे कि यदि नगर के अंदर आवारा मवेशी विचरण कर रहे हैं तो उन्हें पकड़कर नगर के नजदीकी गौशाला में पहुंचाने की कार्यवाही की जाए। यह भी तय किया जाए कि नगर की गलियों से पूर्ण रूप से आवारा पशुओं को गौशाला में भिजवा दिया गया है एवं पशु मालिकों के विरुद्ध अर्थ दंड की कार्यवाही भी की जाए, लेकिन नगर पालिका क्षेत्र में कलेक्टर का निर्देश भी बेअसर दिखाई दे रहा है। आवारा मवेशियों को हाका गैंग से पकड़वाने की कोई भी कार्यवाही नगर प्रशासन नहीं कर रही है जिसके कारण वर्तमान में स्थिति यह है कि नगर के मुख्य सड़कों एवं तहसील न्यायालय परिसर में भी आवारा मवेशी डेरा जमाए हुए हैं।

### नागरिकों ने भी की थी मांग

नगर में जन चर्चा का विषय बना हुआ है कि क्या नगर पालिका प्रशासन के द्वारा नगर की गलियों में घूम रहे आवारा मवेशियों को पकड़ कर कांजी हाउस या गौशाला भिजवाने की कार्यवाही की जाएगी या फिर कलेक्टर का असर नगर पालिका क्षेत्र में बेअसर ही साबित होगा। कुछ माह पहले थाना परिसर में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया था जहां नागरिकों ने प्रशासन के सामने नगर की गलियों में घूम रहे आवारा गोवंशों पर कार्यवाही करने की मांग की थी और यह कहा था कि कोई बड़ी दुर्घटना आवारा गोवंशों के कारण ना हो जाए अतः सड़कों पर घूम रहे आवारा गोवर्धन को पड़कर गौशाला भिजवाने की कार्यवाही की जाए।

# हितलाभों का किया गया वितरण

**उमरिया।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान आयोजित कार्यक्रम में हितग्राहियों को हितलाभों का वितरण किया गया । इस दौरान विमला साकेत एवं प्रीति त्रिपाठी को संबल योजना के तहत 2-2 लाख रुपये की संबल सहायता का लाभ, आईजीओएपी योजना के तहत जग्गू कोल, दशरथ कोल,राम किंकर,चरकी कोल,कन्धेरी कोल, मुकुंद साकेत , फुल्ली बाई कोल, रामा साहू, मोहम्मद हबीब, बिछुआ, राम करण कुँवारे कोल को 600-600 रुपये की पेंशन का वितरण किया गया । इसी प्रकार हर्षिता साहू, दृष्टि शर्मा एवं अमृता रजक जो लाड़ली लक्ष्मी योजना का लाभ, किरण देवी साकेत, विनोद कुमार साहू को आयुष्मान कार्ड योजना का लाभ, टी बी के मरीज गोरे कोल , राम नरेश पाल को पोषण आहार किट का वितरण,



धन लक्ष्मी स्वा सहायता समूह, माँ शारदा स्० सहायता समूह, आशा स्० सहायता समूह , प्रगति स्व सहायता समूह, मुस्कान स्वि सहायता समूह को 6-6 लाख रुपये के सी सी एल की राशि का हितलाभ वितरण किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कन्या पूजन के साथ किया गया। ताला बिजहारिया के महिला एवं पुरूष मंडली द्वारा लोक नृत्य की प्रस्तुति दी गई । स्कूल की छात्रों द्वारा स्वच्छता पर आधारित नाटक का प्रस्तुति करण किया गया एवं उपस्थित जनो को संदेश दिया गया कि घर की भांति ग्राम में भी साफ सफाई रखे, गीला एवं सूखा कचरा अलग अलग रखें।



### जय गुरुदेव के भक्तों ने गरीबों को बांटे कंबल

**जमुना/बदरा।** जिले के कोयलांचल नगरी जमुना कॉलोनी में विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी ठंड के मौसम में जबकि कड़ाके की ठंड पड़ रही है तब जय गुरुदेव का प्रचार करने वालों भक्तजनों में बाबा संत उमाकांत महाराज उज्जैन आश्रम के द्वारा असहाय जरूरतमंद लोगों को निःशुल्क कंबल का वितरण किया गया जिसमें विशेष रूप से संतोष गुप्ता के साथ में विनोद कुमार मिश्रा फॉरेस्ट के एल लाल पुरी वन विभाग के साथ कई लोग मौजूद रहे। इस दौरान लतार गांव के समीप नदी के किनारे झोपड़ी बनाकर निवासरत बैगा परिवार को गरम कपड़ा, कंबल का वितरण किया गया। कंबल वितरण के पश्चात बैगा परिवार में खुशी की लहर देखी गई वहीं उन्होंने जय गुरुदेव के भक्तजनों का आभार व्यक्त किया।

### जेपी साहू नमो नमो मोर्चा भारत के प्रदेश महामंत्री नियुक्त

**जमुना/बदरा।** शहडोल संभाग के वरिष्ठ समाजसेवी तिरंगा यात्रा के संभागीय संयोजक जेपी साहू शहडोल को नमो नमो मोर्चा भारत का प्रदेश महामंत्री नियुक्त किया गया है। शहडोल संभाग एवं मध्य प्रदेश से जुड़े हुए सभी उनके साथियों ने हर्ष व्यक्त किया है पूर्व में भी जेपी साहू द्वारा सामाजिक शैक्षणिक देश भक्ति में लगातार शहडोल संभाग में अनूपपुर उमरिया शहडोल होते हुए कार्यक्रम करते रहते हैं एवं मध्य प्रदेश में स्वामी जगन्नाथ रथ यात्रा निकालने का संपूर्ण जिम्मेदारी भी लेकर चल चुके हैं। श्री साहू नमो नमो मोर्चा मध्य प्रदेश इकाई के महामंत्री बनकर राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय हंतवार एवं प्रदेश अध्यक्ष गुलाब सिंह गोलानी के सपनों को पूरा करने के लिए फिर संकल्पित हैं। केंद्र की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना उसका प्रचार करना नमो नमो मोर्चा का एकमात्र उद्धेश्य है। वर्तमान भारत में नमो नमो मोर्चा के लगभग एक करोड़ के कार्यकर्ता सदस्य बन चुके हैं मध्य प्रदेश में लगभग 5 लाख कार्यकर्ता आगामी 6 माह के अंदर लोकसभा चुनाव तक नियुक्त किए जाएंगे।

**Walk In Interview**

केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा प्रायोजित प्रोजेक्ट राष्ट्रीय परिवेशीय वायु गुणवत्ता प्रबोधन कार्यक्रम (एन.ए.एम.पी.) के अंतर्गत जिला -शहडोल में स्थापित नाकाम स्टेशनों के संचालन हेतु निर्धारित दर (फिक्स्ड वेतनमान) रू.18000.00 (अठ्ठारह हजार रूपये मात्र प्रति माह) पर एक जे.एस.ए (जूनियर साइंटफिक असिस्टेण्ट) की अनुबंध आधार पर अस्थाई नियुक्ति के तहत आवश्यकता है। आवेदक का एम.एस.सी. (रसायन शास्त्र/बायो टेक अभियांत्रिकी/माइक्रो बायोलॉजी/पर्यावरण विज्ञान) होना आवश्यक है। स्नातकोत्तर उपाधिधारकों तथा कम्प्यूटर कार्य के ज्ञानधारी आवेदकों को प्राथमिकता दी जायेगी। इच्छुक आवेदक दिनांक 21.12.23 को अपरान्ह 12:00 बजे गठित चयन समिति के समक्ष साक्षात्कार हेतु योग्यता एवं अनुबंध संबंधी मूल दस्तावेजों के साथ कार्यालय के सोनांचल सभागार में उपस्थित हो सकते है।

(क्षेत्रीय अधिकारी)
म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड
शहडोल (म.प्र.)

# संकरी गली में अव्यवस्थित बाजार

## पालिका की वसूली, नागरिक लाचार

### बैठकी वसूली तक सीमित नगर प्रशासन, बुनियादी सुविधाओं का अभाव

धनपुरी नगर के अंदर साप्ताहिक बाजारों में फैली अव्यवस्था की वजह से लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है सप्ताह में 2 दिन बाजार रविवार एवं गुरुवार को लगता है और देखा जा सकता है कि बाजारों में दुकाने किस तरह से लगाई जाती है





धनपुरी ।

कहने को तो साप्ताहिक बाजार के लिए गोल बाजार रंगमंच एवं कच्छी मोहल्ला प्रागंण मे निर्धारित किया गया है इसके बावजूद सड़कों पर भी काफी दुकानें सजी रहती हैं जिसका खामियाजा आवागमन करने वाले लोगों को भुगतना पड़ता है।

### संकरी गली में कहा-सुनी

वार्ड नंबर 20-21 बीच लगने वाले साप्ताहिक बाजार में अव्यवस्था की ओर कई बार नगर पालिका प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराया गया पर इस ओर किसी प्रकार से ध्यान नहीं दिया जाता अधिकांश लोग आजाद चौक से गोल बाजार की ओर जाने के सकरी गली से आना जाना करते है जहां दोनो ओर दुकानें सजी रहती है सकरी सड़क परेशानी का सबब बनी हुई है ऊपर से दुकान लग जाने से और वाहनों के खड़े हो जाने से आवागमन की समस्या बढ़ जाती है वहीं रंगमंच से अच्छी मोहल्ला की ओर जाने पर सकरी रोड पर दोनों ओर दुकाने सज जाती हैं जिससे आवागमन में परेशानी तू तू मैं मैं की स्थिति भी कई बार निर्मित हो जाती है।

### सिर्फ वसूली से सरोकार

साप्ताहिक बाजार करने वाले इत्मीनान (चैन) के साथ बाजार नहीं कर पाते अव्यवस्थित बाजार को व्यवस्थित करने नगरपालिका की रुचि इस ओर नहीं देखी जाती बाजार में दुकान लगाने वाले छोटे बड़े व्यापारियों से (बैठकी) वसूली कि जाती है लेकिन बैठने सब्जी रखने जगह ना होने के चलते रोड व नाली के किनारे किनारे दुकान लगाने के लिए मजबूर है रसीद कर्मचारी रसीद हाथ में देने बजाऐ फेंककर दी जाती है।

### बड़ी लापरवाही

नगर पालिका के द्वारा साप्ताहिक बाजार लगने वाली दुकानों के लिए ऐसी कोई व्यवस्था नहीं बनाई गई रोड के दोनों और खुली बदबू मारती नाली के ऊपर के ऊपर अधिकांश सब्जी दुकानें बेचने के लिए लगाई जाती है। थोड़े वर्षा का पानी गिरते ही नाली का गंदा पानी रोड में बहने लगता है जहां सब्जी विक्रेताओं खरीदारों को गंदा पानी लोगों के चप्पल जूते पर भर जाते हैं प्रकाश की व्यवस्था की कमी देखी जा रही है, सब्जी प्रांगण में वर्षा का पानी जगह जगह भर जाने से लोगों को चलना दूभर हो जाता है, सब्जी बाजार में टू व्हीलर मोटरसाइकिल काफी संख्या में रोड पर खड़ी कर दी जाती है जिससे आवागमन प्रभावित होती है लोगों को आने जाने में दिक्कत होती है, नगरपालिका का कई बार ध्यान इस ओर केंद्रित किया गया लेकिन नगरपालिका के अधिकारी कर्मचारी पूरी तरह से व्यवस्था बनाने में निष्क्रिय देखे जा रहे हैं।

### वसूली में भ्रष्टाचार

बताया जाता है कि कई बार सब्जी विक्रेता से सब्जी उधार ले ली जाती है और अगले हफ्ते बैठकी वसूली में उधारी बराबर कर दी जाती है इससे प्रतीत होता है कि बैठकी वसूली मे अनियमितताएं बरती जा रही है जिसकी निष्पक्ष जांच कराई जाए।

### पानी का भी टोटा

बाजार करने दूर दराज से आने वाले छोटे बड़े व्यापारियों के प्रति य उनके सुख सुविधाओं की कोई व्यवस्था साप्ताहिक बाजार गोल बाजार कच्छी मोहल्ला बाजार में पीने का पानी की व्यवस्था देखने को नहीं मिलता जिससे छोटे बड़े व्यापारियों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है ।इस भीषण गर्मी में ठंड जल प्रदाय करने की कि अभी तक कोई व्यवस्था नहीं बनाई गई।

### आवागमन में कठिनाई

एक तो वैसे भी सकरी सड़क परेशानी का सबब बनी हुई है और ऊपर से दुकान लग जाने व वाहन खड़े हो जाने से समस्या और बढ़ जाती है। वहीं रंगमंच से कच्छी मोहल्ला की ओर जाने वाली सकरी रोड पर दोनों और दुकाने लग जाती है जिससे आवागमन में परेशानी होती है अव्यवस्थित साप्ताहिक बाजार के कारण वहां आने वाले दुकानदार और ग्राहक दोनों ही परेशान होते हैं किंतु नगर पालिका प्रशासन को मानो इस समस्या से कोई लेना देना नहीं है ।

## खबर संक्षेप

### रोकी जाएगी मिलावट खोरी व तय मानक से कम वजन के पैकेट के समान

**बुढ़ार।** अखिल भारतीय उपभोक्ता उत्थान संगठन के जिला इकाई उमरिया अध्यक्ष अभिषेक अग्रवाल अपना कार्यकाल संभालते हैं जिले में संचालित हो रहे अनियंत्रित मिलावट खोरी खाद्य पदार्थों के लिए एक्टिव हो जाए है इस संज्ञान में आज दिनांक को जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय, खाद अधिकारी, फ़ूड अधिकारी से मिलकर जिले में चल रही अनावश्यक मिलावट खोरी को रोकने के संबंध में बात हुई एवं जल्द ही मिलावट खोरी रोकने हेतु जांच कर कार्यवाही करने की बात की गई है, जिले में विभिन्न प्रकार के तय मानक से कम एवं पैकेट मार्केट में आसानी से बेचे जाते हैं जो की उपभोक्ता के साथ उनके साथ आर्थिक एवम स्वास्थ्य दोनों के साथ खिलवाड़ है ।

### शहर में नगर निगम की अलाव व्यवस्था जारी

**रीवा।** निगम आयुक्त संस्कृति जैन के निर्देशानुसार नगर निगम क्षेत्रांर्तगत ठंड के दिनों में जगह-जगह पर अलाव की व्यवस्था की जा रही है। शहर के प्रमुख स्थानों जिनमें संजय गॉधी हास्पिटल, पुराना बस स्टैण्ड, प्राइवेट बस स्टैण्ड, नया बस स्टैण्ड, अटल रैन बसेरा, वृद्धा आश्रम, आश्रय स्थल, सॉई बाबा मंदिर, शंकर जी मंदिर, बिछिया हास्पिटल, फायर स्टेशन, गुड़हाई बाजार, कुठुलिया, गॉधी मेमोरियल हास्पिटल, सिविल लाइन डीआईजी बॅगला आदि स्थानों में लगातार व्यवस्था की जा रही है। जिससे बेघर तथा सड़क पर निवासरत लोग ठंड के बढते प्रकोप से खुद को सुरक्षित रख सके तथा ठंड के कारण कोई भी बेघर, बेसहारा व्यक्ति बीमार न हों। उक्त स्थानों पर प्रतिदिन नगर निगम द्वारा नियमित रूप से लकड़ी की व्यवस्था की जाती है तथा सभी स्थानों पर शाम 6 बजे अलाव जलवा दिये जाते है।

### जिले में 15644 टन यूरिया तथा 1273 टन डीएपी है उपलब्ध

**रीवा।** किसानों के लिए खाद की समुचित व्यवस्था की गयी है। रीवा जिले में सहकारी समिति विपणन संघ तथा निजी विक्रेताओं के पास 18 दिसम्बर की स्थिति में 15644.22 टन यूरिया तथा 1273.83 टन डीएपी खाद उपलब्ध है। इस संबंध में उप संचालक कृषि यूपी बागरी ने बताया कि जिले के किसान खाद की आपूर्ति के लिए चिंतित न हो। खाद की नियमित आपूर्ति जारी है। किसानों को अगले एक सप्ताह जितनी खाद की जरूरत उसी की खरीद करें। उप संचालक ने बताया कि अब तक किसानों को 18231.23 टन यूरिया तथा 10794.73 टन डीएपी का वितरण किया जा चुका है। सिंगल तथा डबल लाक से प्रतिदिन खाद वितरित की जा रही है। जिस केन्द्र में अधिक संख्या में किसान खाद लेने पहुंच रहे हैं वहां अधिकारियों की निगरानी में टोकन देकर खाद का वितरण किया जा रहा है। वर्तमान में मार्कफेड, सहकारी समिति तथा निजी विक्रेताओं के पास खाद उपलब्ध है। अब तक जिले में 5107.56 टन एनपीके, 37.75 टन म्यूरेट आफ पोटाश तथा 1113.85 टन सिंगल सुपर फास्फेट वितरित की जा चुकी है। डीएपी तथा यूरिया खाद के रैक नियमित रूप से प्राप्त हो रहे हैं।

### पुलिस ने मोटर सायकल चोरी करने वाले युवक को किया गिरफ्तार

**रीवा।** फरियादी पंकज सिंह पिता शैलेंद्र सिंह उम्र 36 वर्ष निवासी ट्रेंड शोरूम के पीछे बरा उरहट थाना समान जिला रीवा का थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया की दिनांक 15/12/2023 को सुबह करीबन 08:30 बजे अपनी होंडा एक्टिवा स्कूटी क्रमांक MP17ZE3540 सफेद रंग से अपने दोस्त गौरव शुक्ला निवासी दुर्गा पार्क के पास नेहरू नगर गया था अपनी स्कूटी को अपने दोस्त के घर के सामने ही खड़ी कर घर के अंदर चला गया था जैसे ही सुबह करीबन 09:20 बजे बाहर आकर देखा तो जहां मैंने अपनी स्कूटी को खड़ी किया था वहाँ पर नहीं थी कोई अज्ञात व्यक्ति मेरी स्कूटी को चोरी कर ले गया । मेरी स्कूटी का चेसिस नंबर ME4JK156GPD134436 एवं इंजन नंबर JK15ED5134479 है ।

## निपानिया 108 के पायलट एवं ईएमटी ने किया सराहनीय कार्य




ब्यौहारी ।

विकासखंड के अंतर्गत निपानिया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के पायलट मोहम्मद फकीर एवं ई एम टी नागेंद्र जायसवाल द्वारा सराहनीय कार्य किया जा रहा है और स्टाफ की कमी होने के कारण डिलेवरी पेशेंटों को उनके घर से लाने के बाद लेबर रूम तक शिफ्ट होने में उनकी मदद की जा रही है विगत दिनों ग्राम जोरा से डिलीवरी पेशेंट को व्यवहारी अस्पताल लाया गया जहां अस्पताल में स्टाफ न होने के कारण स्वयं डिलीवरी प्रसुताओं को लेबर वार्ड तक पहुंचाया गया पायलट एवं एमटी के ऐसे कार्यों से प्रसुताओं को लगातार अच्छी सुविधा मिल रही है और लोग सराहना कर रहे हैं ।

## "योगेश्वर कृष्ण की दिव्य वाणी व स्मृति से" समस्त कष्टों का निवारण होता

बुढ़ार।

आगामी 23 दिसम्बरको"गीता जयंती"मनाएं,,,,, योगेश्वर श्रीकृष्ण जी की दिव्य वाणी व स्मृति से समस्त कष्टों का समाधान व निवारण होता है,, भगवान की स्मृति से विपत्तियां दूर होने लगती हैं,चाहे ये विपत्तियां मानव की हों?मानव समाज की हों?या राष्ट्र की हों? इसीलिए सनातन परम्परा में"गीता जयंती मोक्षदा एकादशी मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष एकादशी"को एक महोत्सव के रूप में मनाया जाता है,जो इस वर्ष 23 दिसम्बर को है,इस दिन "गीता जयंती" मनाने के लिए सूक्ष्म स्वरूप में अपने घर में ही"श्रीमद्भगवद्गीता सद्ग्रंथ"का पूजन-अर्चन, स्नान कुश के माध्यम से, पुष्प,अक्षत,चन्दन,विल्वपत्र , नैवेद्य व आरती से करतें हैं और"गीता पाठ"करते हैं परिवार के सदस्यों के साथ, एवं इसके वृहद स्वरूप में मोहल्ले, मंदिर, सार्वजनिक स्थलों में सभी लोग एकत्र होकर समूह में कर लेते हैं, जिसमें बच्चों के साथ सभी आयु वर्ग के



महिला-पुरुष बिना किसी भेद भाव के सम्मिलित होते हैं,गीत,भजन, सत्संग के माध्यम से अपने दिव्य विचारों को साझा करते हैं, सामूहिक गीता पूजन-अर्चन,पाठ करते हैं,,यह क्रम खंड, जिला, प्रदेश व राष्ट्र स्तर के विश्व स्तर पर आयोजित किए जाते हैं, आनेवाली पीढ़ी को दिव्य विचारों व आध्यात्मिक संस्कारों से समृद्ध करने के लिए,,मानव अपने-अपने कर्मों का फल,विपत्ति आने पर भोगते हैं, परन्तु"गीता के सूत्रों"से प्राप्त दिव्य ज्ञान, दृष्टि, आध्यात्मिक ऊर्जा, स्मृतियां, विपत्ति का अनुभव नहीं होने देते हैं, आत्मबल व विवेक शक्ति से निवारण व समाधान प्रदान करते हैं,,यही हमारे सनातन संस्कृति व परंपरा का अमूल्य धरोहर है,,इसे स्वयं अपनाना है, अभ्यास करना है और आने वाली पीढ़ी को संस्कारवान बनाना है,,, ऐसा निश्चय करना है,, व्यक्तिगत व सामूहिक रूप से,,,मानव कल्याण आश्रम गीता धाम अध्यात्म विद्या पीठ कटकोना के संस्थापक ब्रह्मलीन, वीतराग, परमहंस, परिव्राजक, संन्यासी" स्वामी सच्चिदानन्द सरस्वती"महराज श्री के प्रिय शिष्य"गीतानूरागी श्रीकान्त शर्मा ने सभी धर्मानुरागी, अध्यात्म प्रेमियों व सनातन संस्कृति धर्मावलंबियों के साथ समाज सेवियों से"गीता जयन्ती"हर्षोल्लास के साथ मनाए जाने का आग्रह किया है,,,मानव व मानव समाज के कल्याण के लिए।

## पाडखेर घाट से अवैध रेत उत्खनन करते मौके से पुलिस ने ट्रैक्टर, ट्राली एवं रेत को किया जप्त

बुढ़ार।

प्रशासन के द्वारा खनिज सम्पदा की सुरक्षा के लिए कड़े से कड़े कार्यवाही एवं रोकथाम के लिए खनिज एवं पुलिस विभाग को कारवाई करने को निर्देशित किया है उसी के मद्देनजर बुढ़ार थानांतर्गत ग्राम पाडखेर घाट से अवैध रेत उत्खनन करते हुए पुलिस ने एक आईसर कंपनी के ट्रैक्टर मय ट्राली के साथ उत्खनन की गई रेत को जप्त किया है।




थाना प्रभारी संजय जायसवाल ने बताया कि सोमवार को पाड़खेर घाट से खनिज सम्पदा रेत को ट्रैक्टर के जरिए अवैध उत्खनन किया जा रहा है, सुचना मिलते ही मौके पर टीम को भेज कर घेरावंदी कर आईसर ट्रैक्टर ट्राली क्रमांक एमपी 18 A A6968 के मलिक राकेश शर्मा एवं चालक अरुण वैगा के साथ मिलकर अवैध रेत चोरी में संलिप्त पाए जाने पर दोनों के विरुद्ध धारा 379,414,34 के तहत मामला दर्ज कर 2 लाख 29 हजार 9 सौ की मसुरका जप्त किया है इस धरपकड़ कार्यवाही में प्रधान आरक्षक जगत सिंह, जवाहर सिंह का सराहनीय योगदान रहा।



## 11 सूत्रीय मांगों को लेकर महाविद्यालय के छात्रों ने धरना प्रदर्शन किया

मऊगंज।

शासकीय शाहिद केदार नाथ महाविद्यालय में A.B.V.P.और L. L.B के छात्रों ने कॉलेज के बाहर 11सूत्रीय मांगो को लेकर धरना प्रदर्शन किया और छात्रों ने प्राचार्य पर आरोप लगाया कि प्राचार्य द्वारा कॉलेज में कोई व्यवस्था पर ध्यान नहीं दिया जाता हैं धरने में अधिवक्ता गण भी मौजूद रहे हैं, धरने की मिलते ही एडिशनल एसपी मुन्नालाल चौरसिया और तहसीलदार सौरव मरावी धरनास्थल पर पहुंचे और छात्रों को समझा कर उनका ज्ञापन लिया और तहसीलदार सौरव मरावी के पहल से कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य से बात कर के 11मांगो में से पांच मांग पूरी कराने का आश्वासन दिलाया जिसके बाद छात्रों ने धरना प्रदर्शन समाप्त किया।

## अखिल भारतीय अग्रवाल महिला महासभा द्वारा राम विवाह मनाया गया

रीवा।

अखिल भारतीय अग्रवाल महिला महासभा रीवा के द्वारा श्रीराम -सीता विवाह स्थानीय सेलिब्रेशन आनंद एवं उल्लासपूर्ण मनाया गया।पुराणों के अनुसार अगहन मास की पंचमी तिथि विवाह पंचमी के नाम से भी जानी जाती है।क्योंकि इस पुण्य दिन माता सीता का शुभ विवाह मर्यादा पुरुषोत्तम श्री रामचंद्र जी के साथ हुआ था। राम विवाह के शुभ अवसर पर महिलाओं ने कलश को सुसज्जित करके धूमधाम से राम बारात निकाली गई।राम सीता की वेशभूषा में सजे बच्चों ने एक दूसरे को जयमाल पहनाई।सभी ने एक दूसरे को बधाई दी और मंगल गीत गाए।जिलाध्यक्ष श्रीमती गीता अग्रवाल ने बताया कि इस उत्सव का आयोजन श्रीमती रानू अग्रवाल एवं शैलजा अग्रवाल ने किया है और सभी को इस शुभ अवसर पर श्रृंगार सामग्री के रूप में सुंदर सी चौकी उपहार स्वरूप भेंट की।

## लेखा समाधान संबंधी बैठक 28 दिसम्बर को

**रीवा।** विधानसभा चुनाव में जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों के उम्मीदवारों को चुनाव परिणामों की घोषणा के एक माह की अवधि में निर्वाचन व्यय की जानकारी देना आवश्यक है। इस संबंध में उम्मीदवारों तथा उनके लेखा प्रभारियों को प्रशिक्षण देने के लिए 28 दिसम्बर को निर्वाचन व्यय प्रेक्षक की उपस्थिति में लेखा समाधान बैठक आयोजित की गई है। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि इसके पूर्व 22 दिसम्बर को निर्वाचन लेखा दर्ज करने के संबंध में प्रशिक्षण दिया जाएगा। सभी उम्मीदवारों तथा उनके लेखा प्रभारियों से दोनों बैठकों में उपस्थित रहने का अनुरोध है।

**खबर संक्षेप**

## निर्वाचन व्यय लेखा समाधान के लिए बैठक 29 दिसम्बर को

**अनूपपुर।** निर्वाचन परिणामों के घोषणा की 26 वें दिन अभ्यर्थियों को निर्वाचन व्यय की विवादित मतों का लेखा का समाधान हेतु बैठक किए जाने का प्रावधान है। आयोग के निर्देशानुसार 3 दिसम्बर 2023 को परिणामों की घोषणा के 26 वें दिन यानि 29 दिसम्बर 2023 को लेखा समाधान बैठक की तिथि निर्धारित करते हुए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने बैठक कलेक्ट्रेट स्थित नर्मदा सभागार में प्रातः 11 बजे से आयोजित की है। उन्होंने 86-कोतमा, 87-अनूपपुर एवं 88-पुष्पराजगढ़ के रिटनिंग ऑफीसर को इस संबंध में अभ्यर्थियों को अवगत कराने तथा सहायक व्यय प्रेक्षकों को प्रशिक्षण एवं समाधान के निर्देश दिए हैं।

## प्रदेश कांग्रेस में हुई नई नियुक्तियों का जिला कांग्रेस ने किया स्वागत



**अनूपपुर।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष पद पर जीतू पटवारी, मध्यप्रदेश कांग्रेस विधायक दल के नेता उमंग सिंघार, उप नेता हेमंत कटारे को मनोनीत करने पर अनूपपुर जिले के कांग्रेस जनों ने हर्ष व्यक्त किया है। शहडोल संसदीय क्षेत्र से एकमात्र कांग्रेस विधायक के रूप में निर्वाचित एवं दो बार की मिथ्या को तोड़ने का सफल प्रदर्शन करने वाले पुष्पराजगढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक फुन्देलाल सिंह मार्को, प्रदेश कांग्रेस के सचिव पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष प्रेम कुमार त्रिपाठी, जिला कांग्रेस कमेटी अनूपपुर के अध्यक्ष रमेश सिंह, पूर्व विधायक कोतमा सुनील सराफ, प्रदेश कांग्रेस के सचिव श्रीधर शर्मा, पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष जयप्रकाश अग्रवाल, पूर्व जिला कार्यवाहक अध्यक्ष करतार सिंह, मनोज सराफ,आचार्य लक्ष्मणदास बाल योगी, ब्लॉक अध्यक्ष वेदक पटेल, वरिष्ठ कांग्रेस नेता आशीष त्रिपाठी, डॉक्टर प्रवीण आशीष त्रिपाठी, डॉक्टर गणेश चटर्जी, संतोष कुमार पांडेय, राकेश गुप्ता, संजीव द्विवेदी, प्रमोद शर्मा, पार्षद रियाज मंसूरी, दीपक शुक्ला, विनोद सोनी, रामखेलावन राठौर, तौहीद खान, पुरषोत्तम चौधरी, सेवादल प्रदेश प्रशिक्षक एहसान अली अंसारी, राम सजीवन गौतम, संतोष राठौर, उत्तम पटेल, रशीद मंसूरी, नीलेश अग्रवाल आदि कांग्रेस जनों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

### आधा दर्जन दबंगों के साथ हाईवे पर हर दिन होती अवैध वसूली

# हाईवे पर भारी वाहन चालकों को लुटेरों से ज्यादा परिवहन विभाग का डर

### सरकार की साख पर ग्रहण बना आरटीओ का उड़नदस्ता

परिवहन विभाग के संभागीय उड़नदस्ते के चर्चे इन दिनों चरम पर है, राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक-43 के अलावा अनूपपुर के अन्य आंतरिक मार्गों पर 4 से 6 दबंग युवकों के साथ उड़नदस्ता प्रभारी वाहनों की जांच और उसकी आड़ में वसूली करते हुए आए दिन कहीं न कहीं नजर आ ही जाते हैं, इस मामले में वाहन मालिक भी उक्त अधिकारी के खिलाफ कार्यवाही के भय के कारण शिकायत नहीं कर पा रहे हैं।

**अनूपपुर।** एनएच 43 हाईवे पर आरटीओ की उड़न दस्ता टीम का जांच के नाम पर अवैध वसूली जारी है। उड़नदस्ता प्रभारी को न तो मध्य प्रदेश परिवहन विभाग के साख की चिंता है न ही उच्चाधिकारियों के दिशा निर्देश की परवाह है। अनूपपुर जिले के एक तरफ अमरकंटक तथा दूसरी तरफ राजनगर-रामनगर तक की सड़कों पर परिवहन विभाग की जांच और उसके नाम पर वसूली अब खुलेआम हो रही है। उड़नदस्ता के कर्मचारी वाहन में बैठे-बैठे कागजों को तलब करते हैं और उनके साथ अनाधिकृत रूप से दौड़ रहे 4 से 6 लोग किसी आईएएस अधिकारी की तरह



व्यवहार करते हैं, यही नहीं उनसे जबरिया वसूली की शिकायतें भी लगातार सामने आ रही हैं।

#### सड़कों पर खुलेआम वसूली

उड़नदस्ता कर्मचारी चार पहिया वाहन में सवार होकर पूरे दिन मुख्य मार्ग से गुजर रहे वाहनों के दस्तावेजों की जांच करते नजर आ जा रहे हैं। कथित अधिकारी ने अनाधिकृत रूप से 4 से 6 लोगों को अपने वाहन में बैठाकर उनसे जांच करवाई जाती है और तथाकथित लोग खुद को पुलिस सहित आरटीओ का कर्मचारी बताते हैं, जबकि हकीकत यह है कि सभी व्यक्ति अनाधिकृत रूप से उनके साथ रहते हैं, ना तो उनका स्थानीय थानों में पुलिस वेरिफिकेशन कराया गया है और ना ही उन्हें परिवहन विभाग या पुलिस विभाग द्वारा कोई इस तरह की जिम्मेदारी दी गई है, वाहनों की जांच और परिवहन विभाग के विभिन्न पदों की जानकारी से परिपूर्ण तथाकथित दबंग वाहन चालकों को विभाग की तमाम बारीकियां बताकर पहले उनसे बड़े जुर्माने की बात करते हैं और फिर सड़क पर ही समझौता शुरू हो जाता है 50 हजार से शुरू हुई मांग 15 से 20 हजार में जाकर टूटती है, यह सिलसिला बीते दो महीनों से लगातार चल रहा है।

#### कैप्सूल और अंतर्राज्जीय बसों को छूट



उडनदस्ते के प्रभारी ने अनूपपुर जिले के जैतहरी स्थित मोजर बेयर प्लांट, चचाई स्थित अमरकंटक ताप विद्युत गृह से निकलने वाले राखड़ से लदे ओवरलोड के कैप्सूलों की पूरी सूची बनाकर रखी है, आरोप है कि इन से उनके द्वारा मासिक राशि तय कर वसूली की जा रही है, यही कारण है कि कैप्सूलों की किसी भी प्रकार की न तो जांच की जाती है और ना ही उनके दस्तावेज तलब किए जाते हैं। यही स्थिति छत्तीसगढ़ प्रदेश से आने वाली अंतर्राज्जीय बसों की भी है, लगभग 3 से 4 दर्जन यात्री बसें रोजाना शहडोल-उमरिया अनूपपुर की सीमा से होकर उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों में जाती हैं तथा दूसरी तरफ से वापसी में भी ऐसी ही दर्जनों बसे रोजाना छत्तीसगढ़ जा रही हैं, लगभग बसें रिजर्व पार्टी परमिट के नाम पर दौड़ रही हैं, यह जानकारी होने के बाद भी न तो भारी वाहनों की जांच करते हैं और न ही अभी तक इनके खिलाफ कोई कार्यवाही की गई है, आरोप है कि इन सब से सांठगांठ कर उन्हें भी नहीं कानून तोडने की छूट दिलवाई हुई है।

#### सरकार की साख पर ग्रहण

परिवहन विभाग के उड़नदस्ता प्रभारी जिस अंदाज में सड़कों पर खुलेआम वसूली कर रहे हैं। मध्यप्रदेश के अलावा अन्य प्रदेशों के वाहन भी यहां से गुजरते हैं, जिस अंदाज में उनसे वसूली की जाती है, वह कहीं न कहीं पांचवीं बार प्रदेश में सत्तासीन भाजपा सरकार की साफ-सुथरी छवि पर भी ग्रहण लगा रहे हैं।

#### हर माह दिया जाता टोकन

जानकारी के अनुसार शहडोल उडनदस्ता के वाहन पर रवीन्द्र सिंह नामक एक व्यक्ति जो विभाग से भी संबंधित नही है जिसे शहडोल उडनदस्ता प्रभारी मैडम द्वारा प्रायवेट रूप से वसूली के लिए तैनात किया गया है जिसके द्वारा नेशनल हाइवे पर रोज सुबह से तैनात होकर महीने भर के लिए एक टोकन दिया जाता है जिसकी कीमत एक हजार से लेकर पांच हजार तक होती है। जो प्रदेश सरकार व आरटीओ विभाग के नियमों के विपरीत होकर सरकार की साख पर बट्टा लगा रही है।

**समस्याओं के निराकरण तक आंदोलन जारी रखने का ऐलान**

## रामपुर बटुरा के किसानों की समस्या सुनने पहुंचे जैतपुर विधायक

**अनूपपुर।** विधानसभा क्षेत्र जैतपुर के विधायक जयसिंह मरावी आंदोलन कर रहे किसानों के बीच रामपुर पहुंचे। उन्होने प्रशासन और एसईसीएल को चेतावनी देते हुये जल्द किसानों की समस्याओं का समाधान कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने का निर्देश दिया वही जिला प्रशासन के तरफ से अधिकारी एसडीएम सोहागपुर एवं तहसीलदार बुढार भी किसानों से मिलने पहुंचे साथ ही मुख्यालय से भू राजस्व अधिकारी शरद तिवारी, मेन पावर से शशि किरण, श्री चावला एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। सोहागपुर एरिया के महाप्रबंधक, सब एरिया मैनेजर अनिरुद्ध सिंह, एपीएम हेंब्रम, सहायक मैनेजर संदीप सुकरा, मनीष मिश्रा सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। 12 बजे से अलग-अलग जनप्रतिनिधि अधिकारी प्रशासन बातचीत करने के लिए किसानों को मनाते रहे जो शाम 6 बजे तक चली। समस्याओं के निराकरण के लिए मैनेजमेंट द्वारा 2 महीने के समय लेने की बात कही गई मुख्य रूप से 21 जनवरी 2016 को लेकर रोजगार के प्रक्रिया चालू की जाए और आर एंड आर का तीन लाख से बढ़कर जिस तरह से कोरबा कुसमुंडा सिंगरौली में दिया गया इस तरह से रामपुर में 10 लाख रुपया प्रति परिवार लागू किया जाए, मकान का मुआवजा अति शीघ्र सौ परसेंट सॉल्यूशन के साथ दिया जाए। इस तरह से तीन मुद्दे मुख्य फोकस किए गए साथ ही अधिकारी और प्रशासन ने खदान को चालू करने की बात कही गई परंतु किसानों ने समस्याओं का समाधान नहीं होने तक मानने से इंकार कर दिया। वरिष्ठ नेता व सामाजिक कार्यकर्ता भूपेश शर्मा ने बताया कि किसानों ने अपना रूप विकराल कर लिया है कड़ाके की ठंड में अपनी समस्याओं की मांगों को लेकर अड़े हुए हैं। इस दौरान सरपंच ग्राम पंचायत रामपुर, उप सरपंच रजनीश मिश्रा, जनपद सदस्य चंद्र कुमार तिवारी, जिला पंचायत सदस्य के प्रतिनिधि शांति, मनमोहन चौधरी सांसद प्रतिनिधि व वरिष्ठ नेता राजकमल मिश्रा किसान नेता आदित्य त्रिपाठी, आनंद त्रिपाठी, पत्रकार ओम



प्रकाश दुबे, पूर्व सरपंच, विजय मिश्रा, राजाराम मिश्रा, भूपेश शर्मा सहित हजारों की संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। इस पूरे आंदोलन में सहयोगी के भूमिका में अमलाई थाना प्रभारी जयप्रकाश शर्मा सोहागपुर एरिया के सुरक्षा अधिकारी अमित सिंह सहित पूरी टीम उपस्थित रही। ज्ञात हो कि ग्राम बैरिहा निवासी त्रिपाठी कैंटीन के संचालक अखिलेश त्रिपाठी आंदोलन कार्यरत मुख्य लोगों का संपूर्ण भोजन व्यवस्था दे रहे हैं एवं आंदोलन को चलाने में अपना पूर्णतः सहयोग प्रदान कर रहे हैं। समय-समय पर भोजन, पानी, चाय नाश्ता का व्यवस्था कर रहे हैं।

## 40 किलोमीटर की दूरी तय कर धनगवां से पटपरहा पहुंचा दो दांत वाला हाथी

**अनूपपुर।** जिले के जैतहरी रेंज अंतर्गत अमगवां बीट में रविवार को पूरे दिन गुजारने बाद दो दांत वाला एक हाथी पूरी रात लगभग 40 किलोमीटर की दूरी तय कर अनूपपुर रेंज के अनूपपुर बीट अंतर्गत पटपरहा गांव में के जंगल में पहुंचकर पूरे दिन विश्राम कर रहा है जो देर शाम एवं रात को किस ओर विचरण करेगा यह देर रात होने पर ही स्पष्ट हो सकेगा। हाथी द्वारा कई गांव में ग्रामीणों के घरों में तोड़-फोड़ कर घर के अंदर रख खाने-पीने के सामान को अपना आहार बनाया वहीं खलिहानों में रखी धान की फसल को अपना आहार बनाया है अनूपपुर एवं जैतहरी का वन अमला निरंतर हाथियों के विचरण पर निगरानी रखते हुए ग्रामीणों को सतर्कता बरतने की सलाह दे रहा है रविवार एवं सोमवार की मध्य रात्रि वन अधिकारियों कर्मचारियों ने जैतहरी रेंज के ग्रामीण अंचलों में गांव से बाहर अलग-थलग खेतों एवं अन्य स्थानों पर घर बना कर रह रहे 8-10 ग्रामीणों को सुरक्षा की दृष्टि से घरों से निकाल कर बीच बस्तियो, पक्के मकान में पहुंचाया है वहीं ग्रामीण जन एक हाथी के निरंतर विचरण के कारण रात्रि भर जाग कर बिताने को बाध्य हुए हैं। यह हाथी रविवार की सुबह जैतहरी रेंज के धनगवां बीट अंतर्गत कक्ष क्रमांक आरएफ 338 में पूरे दिन विश्राम करने बाद देर शाम-रात को जंगल से निकल कर कुसुमहाई, टकहुली, चांदपुर, गुंवारी, अमगवां से बलिया



गांव पहुंच कर अनूपपुर-गौरेला मुख्य मार्ग एवं रेलवे लाइन को पार करते हुए सोमवार की सुबह होते ही नगदहा गांव में तिपान नदी को पार कर पिपरिया गांव के कछरीटोला से पोडीखुर्द होकर ग्राम पंचायत लखनपुर के चंदहाटोला, पचरीपानी से ग्राम पंचायत जमुडी के डिडवापानी गांव के जंगल कक्ष क्रमांक आरएफ 375 में पहुंच कर पूरे दिन विश्राम किया है इस दौरान कई गांव में ग्रामीणों के घरो, खलिहानों में रखें विभिन्न तरह के अनाज को अपना आहार बनाया है विचरण दौरान यह हाथी टकहुली गांव के गर्जनटोला में स्थित एक तालाब में आधे घन्टे तक नहाया एक हाथी के विचरण की सूचना ग्रामीण अंचलों में आग की तरह फैलने पर ग्रामीण रात जागरण करने को बाध्य हो गए रहे टार्च की रोशनी या हो-हल्ला करने पर यह हाथी उत्तेजित होकर ग्रामीणो की ओर भगाने के लिए बीच-बीच में दौड़ता रहा है। वन विभाग का अमला हाथी पर निगरानी रखते हुए ग्रामीणों को सतर्कता बरतने की सलाह देकर स्वयं भी अनेकों ग्रामीणों को जो गांव से बाहर जंगल के किनारे या खेतों में घर बनाकर रह रहे हैं जिनको विभिन्न माध्यमों से पक्के घरो या बीच गांव में सुरक्षित भेजा गया। रेंज के वन अधिकारियों कर्मचारियों द्वारा देर रात हाथियों के विचरण की संभावित ग्रामों, टोलो, मोहल्ला में सतर्कता बरतने हेतु ग्राम पंचायत एवं स्वयं के माध्यम से भी मुनादी कराई गई है।

# बिना अनुमति व खुले में मांस, मछली के विक्रय पर प्रभावी कार्यवाही का निर्देश

### टीएल बैठक में की गई समीक्षा



**अनूपपुर।** जिले में बिना अनुमति पत्र (लाइसेंस के) व खुले में पशु मांस तथा मछली के विक्रय के प्रावधानों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के साथ ही विहित प्रावधानों के तहत प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। उक्ताशय के निर्देश कलेक्ट्रेट स्थित नर्मदा सभागार में आयोजित समय-सीमा बैठक में प्रभारी कलेक्टर तन्मय वशिष्ठ शर्मा ने जिले में मांस, मछली विक्रय तथा ध्वनि विस्तारक यंत्रों के संबंध में शासन निदेर्शों के पालन में की गई कार्यवाही की समीक्षा करते हुए दिए। बैठक में संयुक्त कलेक्टर डी.के. पाण्डेय सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। अनुभाग स्तरीय अधिकारी वर्चुअल माध्यम से बैठक में उपस्थित रहे। बैठक में प्रभारी कलेक्टर तन्मय वशिष्ठ शर्मा ने अनुविभागीय दण्डाधिकारियों से खुले में मांस, मछली के विक्रय तथा ध्वनि विस्तारक यंत्रों के संबंध में अब तक की गई कार्यवाहियों के संबंध में जानकारी ली तथा अभियान को निरन्तर जारी रखते हुए उल्लंघन करने वालों के विरूद्ध कार्यवाही के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को मैदानी भ्रमण करने तथा थाना स्तर पर ध्वनि विस्तारक यंत्र के संबंध में धर्म गुरूओं व समाज के पदाधिकारियों की बैठक आयोजित कर दिशानिर्देश से अवगत कराने को कहा। अनुपयोगी एवं खुले नलकूप बोरवेल आदि में दुर्घटनाओं को रोकने के लिए खुले नलकूप व बोरवेल को भरवाने (बंद कराने) की कार्यवाही के संबंध में की गई कार्यवाही की जानकारी भी अनुविभागीय दण्डाधिकारियों से लेते हुए खुले बोरवेल एवं नलकूप के भराव (बंद कराने) के निर्देश दिए गए। बैठक में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अंतर्विभागीय समन्वय के संबंध में भूमि की उपलब्धता की टीएल बैठक में समीक्षा की गई तथा संबंधित अनुविभागीय दण्डाधिकारियों को निराकरण के निर्देश दिए गए। बैठक में जेईई एवं नीट कोचिंग परीक्षा पुष्पराजगढ़ विकासखण्ड स्थित शिवरीचंदास ग्राम में स्थापित कल्प वृक्ष के निर्माण कार्य, संबल पंजीयन अनुग्रह सहायता तथा सत्यापन के कार्य, बिजुरी नगरीय क्षेत्र में स्थापित किए गए चिलिंग प्लांट में दुग्ध समितियों के गठन तथा नगरपालिका अनूपपुर अंतर्गत सामतपुर तालाब व सड़क मार्ग के खम्भे शिफ्ट करने के कार्य की समीक्षा की गई। बैठक में जिला खनिज प्रतिष्ठान मद अंतर्गत स्कूल, छात्रावास के निर्माण आदि के बेस्ट प्रैक्टिस की लघु फिल्म तैयार कराने के संबंध में सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग को तथा अमरकंटक स्थित कबीर सरोवर के निर्माण कार्य के संबंध में अनुविभागीय दण्डाधिकारी पुष्पराजगढ़ को निर्देश दिए गए। बैठक में लोक निर्माण विभाग भवन के अंतर्गत संचालित कार्यों की समीक्षा करते हुए कार्यों के पूर्णता के संबंध में निर्देश दिए गए।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा आयोजन की समीक्षा

जिले में शासन के निदेर्शानुसार आयोजित किए जा रहे विकसित भारत संकल्प यात्रा में हितलाभ प्रदान करने के संबंध में किए जा रहे विभागीय कार्यों की प्रभारी कलेक्टर ने समीक्षा करते हुए आधार कैम्प आयोजित कर नामांकन व अपडेशन का कार्य करने तथा ऐसे लोगों को प्रेरित करने के निर्देश जनपद सीईओ को दिए गए। उन्होंने आयुष्मान भारत, किसान क्रेडिट कार्ड, बैंकर्स द्वारा डीबीटी के कार्य तथा केन्द्र प्रवर्तित योजनाओं का लाभ प्रत्येक छूटे हुए व्यक्ति को देकर शत-प्रतिशत सेचुरेशन के अभियान में प्रभावी कार्यवाही के निर्देश दिए गए। उन्होंने विकसित भारत संकल्प यात्रा के पोर्टल पर इन्ट्री किए जाने के संबंध में आवश?यक कार्यवाही प्रतिदिन करने को कहा तथा अभियान की मॉनीटरिंग के संबंध में भी अधिकारियों को निर्देश दिए।

### टीएल के लंबित प्रकरणों के निराकरण के दिए निर्देश

प्रभारी कलेक्टर तन्मय वशिष्ठ शर्मा ने साप्ताहिक समय-सीमा बैठक में सीएम हेल्पलाईन के लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए महिला बाल विकास विभाग, नगरीय निकाय, स्वास्थ्य, राजस्व, शिक्षा, श्रम व जल संसाधन विभागों को लंबित शिकायतों के निराकरण के संबंध में निर्देश दिए। उन्होंने बैठक में टीएल प्रकरणों में विभागीय अधिकारियों द्वारा की गई कार्यवाही को पोर्टल में जवाब फीड कर पोर्टल को अद्यतन किए जाने के निर्देश दिए।

### पशुपालकों के केसीसी बनाए जाने लिए जा रहे आवेदन

**अनूपपुर।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत पशुपालकों एवं कृषकों को जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित करने के साथ ही मुख्यमंत्री पशुपालन विकास योजना (1912) के घटक सहकारिता के माध्यम से पशुपालन गतिविधियों हेतु शून्य प्रतिशत ब्याज दर पर किसान क्रेडिट कार्ड (के.सी.सी.) उपलब्ध कराने हेतु ब्याज अनुदान पशुपालन विभाग द्वारा दिया जा रहा है। उक्ताशय की जानकारी देते हुए पशुपालन एवं डेयरी विभाग के उप संचालक डॉ. ए.पी. पटेल ने बताया है कि योजना में किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड (के.सी.सी.) पशुपालन गतिविधि हेतु अनुदान पर शून्य प्रतिशत ब्याज दर पर अधिकतम के.सी.सी. राषि रुपये 2 लाख तक सहकारिता के माध्यम से उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने जिले के पशुपालकों से आग्रह किया है कि जो हितग्राही आदिम जाति सेवा सहकारी समितियों से सम्बद्ध है, वह ग्राम पंचायतों में विकसित भारत संकल्प यात्रा के आयोजित शिविरों में विभागीय अधिकारियों से सम्पर्क कर आवेदन पत्र जमा कर विभागीय योजना का लाभ उठाएं। उन्होंने विकासखण्ड पशु चिकित्सा अधिकारियों (नोडल अधिकारी) को निर्देशित किया है कि सहकारी समितियों से सम्बद्ध या पूर्व वर्षों में स्वीकृत कृषि के.सी.सी. से सम्बद्ध पशुपालकों के प्रकरण तैयार करना सुनिश्चित करें।

# विद्यार्थी परिषद मे जनजातीय विश्वविद्यालय मे दिया धरना

### भोजन की गुणवत्ता सुधारने की मांग

**अनूपपुर।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय के सामने सोमवार की सुबह अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के छात्रों ने धरना प्रदर्शन किया। छात्रो ने खानों मे गुणवत्ता सुधारने, हास्टल, लायब्रेरी से जुडी मांगें विश्वविद्यालय प्रशासन के सामने रखी। सोमवार की सुबह विश्वविद्यालय के गेट के सामने विद्यार्थी परिषद के छात्र मांग पूरी न होने पर प्रदर्शन किया। इस दौरान गेट मे तैनात गार्ड के साथ छात्रों का विवाद भी हुआ जिसकी सूचना पर पुष्पराजगढ़ एसडीओपी सोनाली गुप्ता और अमरकंटक थाने की पुलिस टीम विवि पहुंची। धरने मे बैठे छात्रों ने विवि प्रशासन से खाने की गुणवत्ता सुधारने की मांग की थी लेकिन विवि प्रशासन ने मांगों को अनदेखा कर दिया। छात्रों ने पिछडा वर्ग छात्रों के हास्टल मे कैमरा, वाईफाई सुविधा बढ़ाने राजेन्द्रग्राम से बस सुविधा, एलबीआई का टेण्डर हटाने, लायब्रेरी का समय बढ़ाने और नर्मदा हास्टल खाली कराने की मांग पर धरना दिया। लंबे समय गेट के सामने बैठे रहने के बाद विवि प्रशासन ने मांग पूरी करने का आश्वासन दिया जिस पर धरने मे बैठे विद्यार्थी परिषद के छात्रों ने धरना खत्म किया।

